(तीन दोस्त खड़े होकर बातें कर रहे हैं।)

Role 1- उनका चौथा दोस्त, नये कपडे, नये जूते पहने उनकी तरफ आ रहा था।

Role 2- (तीनो दोस्तों में से एक) अबे तेरे पास तो पार्टी मनाने के पैसे नहीं थे, यह जूते, कपडे खहां से खरीदा बे।

Role 1 - दुकान से

Role 2 - अबे घोंचू, वो तो हमें भी पता है दूकान से लिये...लेकिन तेरे बाप की दूकान तो है नहीं, तो यह बता बेटा पैसा कहाँ से आया तेरे पास?

Role 1- तीनो को बुलाकर प्लान बताता है।

फ़्लैशबैक

Role 1 अंधे का भेष बनाकर एक भीड़भाड़ वाली दूकान में जाता है और वहाँ जल्दी - जल्दी कपडे मांगता है। कपड़ा लेने के बाद ड्रेसिंग रूम में जाता है और धीरे से वहाँ से खिसक जाता है और फिर तेजी से वहाँ से भाग जाता है।

Role 3 - यार मस्त आइडिया है, चल हम भी ट्राई करते हैं।

Role 1- अभी रहने दो...दूसरे दिन जाना।

Role 2- क्यों बे...तूने तो कपडे ले लिये, अभी हमें रोक रहा है।

Role 1 - चल, लेकिन मैं दूर ही रहूंगा।

सभी आपस में डिसाइड करते हैं की एक - एक करके जायेंगे।

दूकान में Role 2 (तीनो में से पहला दोस्त) जाता है।

दुकानदार - क्या चाहिये?

Role 2 - अंडा चाहिए।

दुकानदार - अंडा चाहिये तो बाजू वाली दूकान में जाओ। यहाँ पर अंडा नहीं कपड़ा मिलता है।

Role 2 - अरे कपड़ा ही चाहिये रे बाबा, अंडा चाहिये होता तो अंडा वाली दूकान में जाता न।

दुकानदार - आपको कैसे पता, ई कपड़ा की दूकान है?

Role 2- (समझदारी से) यहां अंडे की खुशबु नहीं आ रही है न, इसलिये।

दूकानदार - कौन सा कपड़ा दिखाऊं ?

Role 2- वह पीले रंग का।

दुकानदार - (गुस्से में) तुझे कैसे पता, वह पीले रंग का है। नकली अंधा बनता है। मेरे को एक अंधा आज उल्लू बनाया, अभी तू भी।

(दे....दनादन पिटाई)

कपडे वगैरह ठीक करके Role 2 मित्रों के पास पहुंचा।

Role 3 - क्या हुआ, कपडे कहाँ हैं ?

Role 2 - तेरे पीछे, पिट गया बे।

Role 1 - बेटा, दाम तो कुछ ना कुछ देना ही होता है। तूने तो दाम भी दिये और कपडे भी ना मिले।

तीनो दोस्त- मतलब?

Role 1- अबे पिटा तो मैं भी था....यह कपडे भीड़ में पिटाई के वक्त भागकर बचाये थे।

तीनो दोस्त एकसाथ - तो पहले क्यों नहीं बताया बे।

Role 1- क्योंकि हर फ्रेंड कमीना होता है।